Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 25 अक्तूबर, 2023

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का स्थापना दिवस

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) एक समर्पित बल है जो तिब्बत (चीन) के साथ लगने वाली भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिये ज़िम्मेदार है। ITBP के **स्थापना दिवस (24 अक्तूबर)** पर प्रधानमंत्री ने देश की सीमा सुरक्षा और अखंडता की रक्षा में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका में उनके अटूट दृढ़ संकल्प एवं साहस की सराहना की।

- ITBP भारत की एक विशेष पर्वतीय बल है, जिसकी स्थापना **24 अक्तूबर, 1962** को भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद की गई थी, शुरुआत में इस बल की तैनाती भारत-चीन सीमा पर की गई थी।
- ITBP का गठन शुरू में **केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) अधिनियम, 1949** के तहत किया गया था। हालाँकि **वर्ष 1992** में संसद ने **ITBP अधिनियम** लागू किया और 1994 में नियम बनाए।
- हालाँकि पिछले कुछ वर्षों में **ITBP की तैनाती** नक्सल विरोधी अभियानों **सहित विभिन्न आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था** हेतु की गई। यह बल अधिक **ऊँचाई वाले बचाव और पर्वतारोहण अभियानों** में अपनी विशेषज्ञता के लिये जाना जाता है।

और पढ़ें…केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल

पीएम श्री स्कूलों के लिये ICT लैब

कक्षाओं में आधुनिक तकनीक को अपनाने हेतु हरियाणा में पीएम श्री स्कूलों के लिये सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) प्रयोगशालाएँ एवं स्मार्ट क्लासरूम शुरू किये जाएंगे जो शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ छात्रों को बेहतर ढंग से सीखने का अनुभव प्रदान करेगा।

- ICT लैब और स्मार्ट क्लासरूम शहरी-ग्रामीण डिजिटल गैप को समाप्त कर समान शिक्षा के अवसर प्रदान करते हैं।
- **पीएम श्री** देश भर में **14500** से अधिक **स्कूलों** के उन्नयन और विकास के लिये एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य **केंद्र सरकार/राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकार/स्थानीय निकायों** द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से चयनित मौजूदा स्कूलों का उन्नयन करना है।
- ये राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी घटकों का पालन के साथ अनुकरणीय स्कूलों के रूप में कार्य करेंगे तथा अपने आसपास के अन्य स्कूलों का मार्गदर्शन भी करेंगे।

और पढ़ें… डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग (DIKSHA), डिजिटल इंडिया मिशन

बॉल लाइटनिंग

बॉल लाइटनिंग एक दुर्लभ प्राकृतिक परिघटना है जिसमें आमतौर पर आकाशीय बिजली (तड़ित) **गिरने वाले स्थान के पास** एक **प्रदीप्त गोल पिंड दिखाई देता** है।

- यह **बंद खिड़कियों** में भी प्रवेश कर सकता है और आमतौर पर **फुसफुसाहट की ध्वनि के साथ उत्पन्न** होता है जिसकी अवधि कुछ सेकंड हो सकती है।
    - इसका रंग परिवर्तनशील होता है और यह पिंड प्रायः विस्फोट के साथ नष्ट होता है। हालाँकि यह **आमतौर पर विनाशकारी नहीं होता** है।
- इसके अलावा इसे **ग्लोब लाइटनिंग** भी कहा जाता है और **ऐसा माना जाता है कि** ये पिंड **प्लाज़्मा से बने** होते हैं, जो स्वतंत्र रूप से परिक्रमण करने वाले आयनों के साथ पदार्थ की एक आयनित अवस्था है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लंबे समय से चल रहे रोज़गार मुद्दे में सुधार

हाल ही के एक ऐतिहासिक निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने **सार्वजनिक रोज़गार के मामले में हुए 30 वर्ष पुराने अन्याय (Injustice)** में सुधार किया है।

- न्यायालय ने **संविधान के अनुच्छेद 142** के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित विभाग को एक व्यक्ति को 10 वर्ष के लिये परिवीक्षाधीन पद पर नियुक्त करने का आदेश दिया।

- संविधान का **अनुच्छेद 142** सर्वोच्च न्यायालय को उन स्थितियों में **"पूर्ण न्याय"** देने का विशिष्ट अधिकार प्रदान करता है जहाँ कानून या विधान कोई उपाय प्रदान नहीं कर सकते हैं।

- सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि एक **सार्वजनिक नियोक्ता,** जो **संविधान के अनुच्छेद 12 के अनुसार 'राज्य' श्रेणी** के अंतर्गत आता है, किसी वैध तथा उचित कारण के बिना किसी उम्मीदवार को नौकरी से बर्खास्त नहीं कर सकता है।
- यह निर्णय चयन प्रक्रिया की शुरुआत से ही **स्पष्ट तथा निष्पक्ष पात्रता मानदंड के महत्त्व** को रेखांकित करता है तथा **सार्वजनिक रोज़गार में गैर-भेदभाव के सिद्धांत** की पुष्टि करता है।

और पढ़ें... सर्वोच्च न्यायालय

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-25-october,-2023